CCPS An AIChE Technology Alliance
Center for Chemical Process Safety
www.aiche.org/ccps

Process Safety Beacon
10 YEAR ANNIVERSARY
http://www.aiche.org/CCPS/Publications/Beacon/index.aspx
Messages for Manufacturing Personnel

This issue sponsored by
ioMosaic
www.iomosaic.com

क्या आपके चिन्ह, नामपत्र और संकेत अस्पष्ट है ?

मार्च 2013

नवम्बर 2012 के "समस्या ढूंढिए'' बिकान प्रतियोगिता से लिये हुये दाहिने हाथ चित्र दर्शाते है कि पम्पों का एक समूह बिल्कुल एक जैसा प्रतीत होता है। चित्र में वे किसी प्रकार से भी व्यवस्थित रूप से लेबल किये हुये दिखाई नहीं दिखाई दे रहे है। यदि आपको यह बताया जाये कि कोई एक पंप को अनुरक्षण के लिए तैयार किया गया है, आप किस प्रकार से सुनिश्चित करेगें कि आप सही पंप पर कार्य कर रहे है।

सही लेबल का अभाव एक सुरक्षा समस्या भी हो सकता है और अस्पष्ट संकेत और सूचक इस से भी विकट समस्या उत्पन्न कर सकते है। नीचे दिये हुए चित्र प्रोसेस संयंत्रो से और रोजमर्रा के जीवन से लिये हुये अस्पष्ट संकेत और सूचक के बहुत से उदाहरण है। क्या आपके संयंत्र में अस्पष्ट संकेत और सूचक है ?



इन पाइपों पर एक जैसे/प्रकार के नाम पत्र वाले संकेतो के कारण से भंडारण टेंक में गलत सामग्री खाली हो गई। इस कारण से रासायनिक अभिक्रिया हो गई और विषैली गैस उत्पन्न हो गई। इस से 6 व्यकित घायल हो गये। अप्रैल 2012 का बिकान अंक देखिये।



आप क्या कर सकते है ?

- उन उपकरणों को देखिये जिन पर अस्पष्ट लेबल और संकेत या क्षतिग्रस्त चिन्ह है जो कि आप सही प्रकार से पढ़ नहीं पा रहे है। यदि आप ठीक कर सकते है तो वैसा करिये। नहीं तो आप किसी को सूचित कर दें जो कि इसे ठीक कर वा सकता है।

- अस्पष्ट लेबल और संकेतों को देखिये जैसे कि इन चित्रो में दिखाई पड़ रहे है और उन को ठीक करवाइए।

- सुनिश्चित करे कि संयंत्र में उपकरणो पर लेबल और सही प्रकार से पहचान करने का तरीका वैसा ही होना चाहिए जैसा कि प्रचालन प्रक्रिया , अनुरक्षण प्रक्रिया, आपात प्रक्रिया और दूसरे संयंत्र दस्तावेजों में की पहचान करने की प्रक्रिया प्रयोग में लाई गयी थी।

- हस्त लिखित नोट और दूसरे प्रकार के तरीके प्रयोग लाकर संकेतों में परिवर्तन करके विडंबना मत उत्पन्न करिये। यदि संकेत में परिवर्तन चाहिए तो ठीक प्रकार का संकेत प्रयोग में लाये और "परिवर्तन का प्रबंधन'' का अवलोकन कीजये।

- आपके संयंत्र में रसायनो के नाम और उनके समनाम प्रयोग करने में तर्क संगत रहिये। उदाहरण के लिए " (एम एम ए – MMA) का अर्थ एक संयंत्र में " मिथाईल मिथाक्राइलेट" तो है दूसरे में उसका अर्थ " मोनो मिथाइल अमाइन" हो सकता है और शायद किसी और संयंत्र में बिल्कुल भिन्न हो सकता है। हमेशा भिन्न रसायनो के लिये सही नाम प्रयोग में लाये। सुनिश्चित करे कि सभी को मालूम है कि नामपत्र का क्या अर्थ है।



सुरक्षा के लिये सही लेबल, संकेत और चिन्ह प्रयोग में लाये !

AIChE © 2013. सभी अधिकार सुरक्षित शैक्षणिक और गैर लाभ उद्देश्यों के लिएê पुन:प्रकाशन को प्रोत्साहन दिया जाता है । तथापि अन्य उद्देश्यों के लिए इसका पुन:प्रकाशन वर्जित है। ccps_beacon@aiche.org या 646-495-1371. पर संपर्क करे ।

यह बीकॉन अरेबिक,अफ्रीकन, चीनी,डेनिश,डच,अँग्रेजी, फ्रेंच, जर्मन,ग्रीक,गुजराती,हिब्रू,,हिंदी,इटालियन,जापानी,कोरियन,मालाय, मराठी,नार्वेजियन,परशियन,पालिश,रूमानियन,रशियन,स्पेनिश, स्वीडिश,तेलगू, तुर्किश,थाई और वीयतनामी भाषाओं में उपलब्ध है। Translated into Hindi by Vivek Ranjan Gupta, Bharat Petroleum Corporation Limited, Mumbai Refinery, Mumbai - 400 074